The bleed care technology products are designed for both health and non-health responders to manage life threatening bleeding injuries at the field site itself. Every product is gamma sterilized, thus compatible for direct field usage by anyone.

The medical first aid book is an instruction manual for primary care at the incident site requiring specific skill sets. It was developed and released under the aegis of National Disaster Management Authority, Government of India. This is available in both English and Hindi language while provided with every trauma kit as a part of corporate awareness programme initiative towards life saving care.

The next question comes into the mind of user, why MjDr&jkd** just because it is easy to use in fields and less / no training is required. No, just having these attributes doesn't qualify it unless it's mechanism is user friendly. It absorbs fluid molecules in the micro-environment of the bleeding

wound and enhances the localized concentration of natural clotting factors thereby promotes natural healing process itself. It doesn't contain any inhibitor / activator of physiological clotting factors or associated enzymes, thus doesn't interferes with natural coagulation cascade (which some of the existing technologies do limiting their utility for health responders at hospitals only).

The primary mechanism of action is physical absorption (Press-Absorb), thus chemically inert in nature and doesn't get absorbed by the body providing an opportunity for user to leave the powder in wound as long as necessary. Thus, it is generally referred as SAFE-EVAC technology even ideal for jungle / remote conditions (with lease connec-

tivity as remote villages of the State). Such absorption led slight increase in body temperature sterilize the wound itself, hence it is called as 'Wound Sterilizer' preventing any secondary infections to occur, if secured properly with Bleed care conforming/ compression (**jDr&j{kd**) bandages (or alternatively any other gamma sterilized super absorbing haemostatic bandages). In case of arterial injuries, it is advisable to use it with BC-tourniquet (**jDr&j{kd ;=**), making **^jDr&jkd**** an essential and critical requirement of each first aid / trauma care kits. The other technologies working on Press-Absorb mechanism alone as embedded active bandages are subjected to limitations that effective clotting is linked to training of user and how much pressure it exerts on the wound (sometimes it is not feasible to press the wound so intensely), hence forth clotting becomes questionable. The leaching of haemostatic agents in such embedded system can cause systemic toxicity, thus need cautious and medical supervision while usage. The same doesn't apply for **^jDr&jkd****.

Further a bleeding wound on a fractured limb, the additional usage of multipurpose splint (Frac-Sec technology) becomes essential. If eyes / ears are injured, the blood flow to these organs is extreme and usage of the Self-adhesive eye patch becomes critical. Keeping all these elements together, it is referred as Jeevan Rakshak Ayudhshala.

The flood prone areas are subjected to high rise of snake bite cases requires specialized addition of Vnm Vac pump that can suck out the venom from the bitten site by creating localized vacuum. Such multiple combination of items for single/ multiple injury management system are referred as Bleed Care kits (Jeevan Rakshak kits). It is imperative to look these technological solutions as comprehensive care during emergency conditions.

Now one of the amazing thought that who will use this technology to save life, the better question would be who will not. A person driving any type of vehicle or a person accidentally falls in front of any vehicle, both needs it during accident. Police jeeps, beat stations, traffic policemen / their stations, firemen/ fire service stations/ vehicles; national/ Bihar disaster response forces; civil defence, home guards, state highway authority check points/ personnel; Primary/ community health centres/ sub-centres; mobile medical units; ambulances of district/sub-divisional hospitals; quick response teams of all 26 departments of State government involved in disaster management activities, all should have customized kits based on their functional profile, a first step towards trauma free Bihar and a long road ahead..

Note: The present article is developed by technical team of SFFTPL and for any further query, contact at 9312089190 or email at rakhtrakshak@gmail.com. In view of importance of this subject matter, a special issue dedicated towards trauma care technological interventions would be published soon covering details of such technologies, useful for all essential service providers involved in disaster management activities.

, u0 Mh0 vkj0 ,Q0 }kjk Hkkjrh; ik| kfxdh l LFkku (IIT) iVuk e vkink ic/ku ij if'k{k.k dk;Øe

9वीं बटालियन एन0डी0आर0एफ0 द्वारा बिहटा में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) पटना में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री के0 के0 झा, उप कमाण्डेंट के नेतृत्व में 9वीं बटालियन एन0डी0आर0एफ0 की टीम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) पटना के प्रोफेसर, छात्रों एवं अन्य स्टाफों को अस्पताल पूर्व चिकित्सा के विभिन्न पहलूओं जैसे– रक्तश्राव नियंत्रण तकनीक, हृदयाघात के तुरंत बाद दी जाने वाली प्राथमिक उपचार सी0पी0आर0 तकनीक, घायलों के हड्डी टूटने के बाद प्राथमिक उपचार के तौर पर खपच्ची (Splinting) लगाने की तकनीक तथा घायलों को उठाने व सुरक्षित तरीकों से ले जाने की तकनीक के बारे में

प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों से इस उपयोगी प्रशिक्षण का अभ्यास भी करवाया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभ में श्री के0 के0 झा, उप कमाण्डेंट तथा निरीक्षक अजीत कुमार सिंह द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के प्रतिभागी प्रोफेसर, छात्रों तथा अन्य स्टाफों को भूंकप के दौरान की जाने वाली सुरक्षात्मक कार्यवाही, आपदा से निपटने के लिए रेस्पांस टीमों का गठन तथा उनके कार्य व जिम्मेदारियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानका. रियों को लेक्चर के माध्यम से बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) पटना के उप कुलसचिव श्री संजय कुमार ने 9वीं बटालियन एन0डी0आर0एफ0 के प्रशिक्षक टीम को हार्दिक धन्यवाद दिया।

श्री विजय सिन्हा कमाण्डेंट, 9वीं बटालियन एन0डी0आर0एफ0 ने बताया कि 'आपदा जोखिम न्युनीकरण' के लिए आज जरूरी है कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रत्येक नागरिक को जागरूक किया जाये। इस दिशा में एन0डी0आर0एफ0 द्वारा सतत् प्रयास किया जा रहा है। आपदा के दौरान स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में जान–माल का नुकसान न हो, इस उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जन–जागरूकता अभियान के तहत 9वीं बटालियन एन0डी0आर0एफ0 द्वारा बिहार में लगभग 4.23 लाख लोगों को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

Disaster Risk Reduction (DRR) Roadmap for Bihar (2015-30)

Bihar is the first state in India to have developed a DRR Roadmap with a long-term goal; aiming at making a 'Disaster Resilient Bihar'. To effectively implement the DRR Roadmap; it is proposed to establish a 'Roadmap Implementation Support Unit' within the Disaster Management Department. A state Task Force would be instituted under the chairmanship of Chief Secretary to monitoring the implementation of the Roadmap. The technical support of UNICEF will provide assistance to the 'Roadmap Implementation Support Unit' and state Task Force.

It is to be noted that the Third World Conference on DRR (WCDRR) was held in March, 2015 in Sendai, Japan. Representatives from 187 countries adopted the Sendai Framework for Disaster Risk Reduction (SFDRR). Comprehensive framework with 7 global targets and 4 priority areas, the SFDRR provides a clear direction for Disaster Risk Reduction (DRR) for the next 15 years (2015-30). Taking the SFDRR forward, the Government of Bihar (GoB) decided to develop a DRR Roadmap (2015-2030) for Bihar, emerging as one of the first organized attempts in the world to apply the SFDRR in practice. Government of Bihar (GoB) organized a Conference on DRR in

Bihar (BCDRR) on 13 - 14 May, 2015 to initiate the process for the development of a DRR Roadmap for 2015 - 2030. 84 panellists and 550 other participants participated in the Conference and discussed the issues and specific actions for Roadmap in 17 thematic sessions. 18 papers submitted by experts and compiled as a compendium. The Conference concluded with 'Patna Declaration' which was released by the Hon. Minister for Disaster Management. A drafting committee was nominated by the department for preparation of the DRR Roadmap. The drafting committee comprising members from DMD, BSDMA, UNICEF and Civil Society Organizations, met several times for deliberations on the Roadmap structure, framework and content. Contributions were solicited and received from panellists and experts from BCDRR, all the line departments, District Magistrates & other government officers, CSOs working in Bihar, village communities, Disaster Risk Management Solutions Exchange community, Newspaper advertisements, drawing out learning from BCDRR sessions through analysis of session videos, session notes, and workshop report and review of pertinent policy documents of Bihar (MMV, Agriculture and Health Roadmaps, SDMP amongst others) and other relevant documents (such as Sri Lanka DRM Roadmap amongst others). The draft DRR Roadmap has been sent to all concerned departments in the state, divisional commissioners and other experts for review and inputs.

The draft roadmap has been prepared and

validated in a workshop held on 10-11 January, 2016. Incorporating the suggestions came during the validation workshop, the document was sent again to the departments for their final review and inputs. The chief secretary, GoB called a meeting of all the secretaries to review the roadmap and provide final suggestion. After the consent of chief secretary consent it was placed before the cabinet for its approval in April, 2016. Finally, the state cabinet approved the DRR Roadmap (2015-30) on 28 April, 2016. The DRR Roadmap will be implemented by state government departments with state funding. It clearly marks a paradigm shift from response centric to risk reduction/ mitigation approach in Bihar.

Report By: **Dr. Shankar Dayal,**
Sr. Advisor, BSDMA

o"k 2015&16 dk nkSjku izkf/kdj.k dh lykgdkj lfefr;ksa dh cSBd

vkink प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अन्तर्गत बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 2014 में विभिन्न विषयों पर पाँचों सलाहकार समितियों गठित की गयीं। ये विषय हैं– बाढ़ एवं सुखाड़, मानव जनित आपदा, भूकम्प, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा मानव संसाधन विकास,क्षमताबर्द्धन एवं प्रशिक्षण। इन सलाहकार समितियों में केवल भूकम्प सुरक्षा पर बनी सलाहक.ार समिति की पहली बैठक 2014–15 में हो पायी थी। शेष सभी सलाहकार समितियों की पहली बैठक एवं भूकम्प सुरक्षा सलाहकार समिति की दूसरी बैठक का आयोजन वर्ष 2015–16 में किया गया। इन सलाहकार समितियों के सदस्य के रूप में देश के अनेक ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने अगले एक वर्ष के लिए प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

वर्ष 2015–16 में सर्वप्रथम 16 जून 2015 को बाढ़ एवं सुखाड़ संबंधी सलाहकार समिति की पहली बैठक पटना में आयोजित की गयी। इस बैठक में अनेक विशेषज्ञों द्वारा बाढ़ एवं सुखाड़ सहित जल प्रबंधन के अनेक पहलुओं पर विचार किया गया और बिहार के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस बैठक में मुख्य रूप से श्री गजानन मिश्र, प्रो0 राजीव सिन्हा, प्रो0 एस0 के0 टण्डन, प्रो0 जी0 के0 महोहामात्रा, डा0 विशाल कुमार, डा0 बी0 के0 सिन्हा, डा0 भानू, डा0 विक्रान्त जैन,डा0 एस0 समान्तरे, डा0 ए0 के0 सेन, डा0 अतुल आदित्य पाण्डे, डा0 के0 जे0 आनन्द कुमार, श्री कमल किशोर (सदस्य), एम0डी0एम0ए0 आदि ने बिहार में जल प्रबंधन संबंधी अपने सुझाव दिये हैं।

पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर प्राधिकरण की सलाहकार समिति की पहली बैठक पटना में दिनांक 16 अक्टूबर,2015 को आयोजित की गयी। पिछले कुछ दशकों में भारत सहित पूरे विश्व के पर्यावरण पर जलवायु परिवर्तन का असर देखने को मिल रहा है। बिहार भी इसके प्रभाव से भी नहीं बच सकता। आपदाओं की बढ़ती संख्या एवं तीब्रता इसका प्रमाण है। इन्हीं विषयों पर चर्या के लिए और प्राधिकरण को दिशा प्रदान करने हेतु विशेषज्ञों ने अनेक सुझाव दिये। सलाहकार समिति की इस बैठक में मुख्य रूप से डा0 मोहम्मद पुनुस, प्रो0 एम0 एस0 नहावत, डा0 अनिल कुमार गुप्ता, डा0 अशोक घोष, डा0 शिराज वाजीह, डा0 जे0 एस0 पाण्डया, डा0 प्रधान पार्थ सारथी एवं डा0 हृषिकेश मनु आदि ने भाग लिया।

प्राकृतिक आपदाओं के साथ–साथ बिहार अनेक मानव जनित आपदाओं का भी शिकार रहा है। मानव जनित आपदाओं में हताहतों की संख्या प्राकृतिक आपदाओं से प्रायः अधिक होती है। एसे में मानव जनित आपदाओं को रोकने हेतु एक अनिश्चित

रणनीति बनाना आवश्यक हो जाता है। इन्हीं विषयों पर विशेषज्ञों की राय जानने के लिए मानव जनित आपदा की सलाहकार समिति की पहली बैठक 31 अक्टूबर 2015 को पटना में आयोजित की गयी। इस बैठक में अनेक विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किये जिसमें प्रमुख रूप से मेजर जनरल बी0 के0 नायक, श्री बी0बी0 सन्त, डा0 माधुरी शैरोन,डा0 डी0 एम0 दिवाकर, डा0 राकेश दूबे, डा0 विजय शील गौतम, डा0. ए0 के0 सिन्हा, डा0 आर0 के0 दूबे, श्री आर0 सी0 शर्मा, श्री पी0 एप0 राय, श्री हरीश वाला सुब्रमनी, डा0 डी0 के0 गुप्ता और श्री विजय सिन्हा आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

मानव संसाधन विकास, क्षमताबर्द्धन एवं प्रशिक्षण बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का एक प्रमुख प्रभाग है जो राज्य की हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सभी भागीदारों ̐(जांमीवसकमतेद्ध के क्षमताबर्द्धन एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में काम करता है। इस विषय पर गठित प्राधिकरण की सलाहकार समिति की पहली बैठक 31 अक्टूबर 2015 को पटना में आयोजित की गयी। इस बैठक में राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण संबंधी क्षमताबर्द्धन एवं प्रशिक्षण पर विशेषज्ञों ने अपनी राय दी। बैठक में प्रमुख रूप से प्रो0 विनोद मेनन, श्री एम0 राजा राम, श्री लॉय रेगो, डा0 हेमन्त कुमार विनायक, डा0 एस0 पी0 सिंह, श्री मिहिर भट्ट, श्री एन0 एम0 प्रुस्ती, डा0 राजन सिन्हा, श्री अंजन बाग, श्री प्रविन्द प्रवीन, श्री सत्य स्वरूप, श्री बंकु बिहारी सरकार, सुश्री वंदना चौहान, श्री बाबुल प्रसाद, श्री अजय कुमार, श्री मुकुल कुमार, श्री खगेश चन्द्र झा आदि शामिल थे।

बिहार राज्य भूकंप के प्रति अत्यन्त संवे. दनशील है। राज्य के 8 जिले भूकंप के जोन ट, 24 जिले जोन प्ट और 6 जिले जोन प्प् में आते है। भूकंप सुरक्षा सलाहकार समिति की पहली बैठक गत वर्ष जनवरी 2015 में संपन्न हुई थी और इस वर्ष 15 जनवरी 2016 को भूकंप सुरक्षा सलाहकार समिति की दूसरी बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में भूकंप से बचाव हेतु रणनीति बनाने के संबंध में आये हुए विशेषज्ञों ने अपनी राय दी। सलाहकार समिति की इस बैठक में शामिल होने वाले में डॉ0 मुजफर अहमद, प्रो0 वी0के0 शर्मा, श्री बी0के0 रस्तोगी, प्रो0 जमाल हुसैन अंसारी, प्रो0 प्रतिमा रानी बोस, श्री हरि कुमार, डॉ0 ए0 के0 शुक्ल, श्री विपिन राय, प्रो0 चंदन घोष, श्री अखौरी विश्वप्रिय, सुश्री आभा मिश्रा और प्रो0 ए0के0 सिन्हा आदि प्रमुख थे।

vkink tkf[ke U;uhdj.k ,o {kerk fodkl

ij fcgkj i'kklfud lok d vf/kdkfj;k dk ,d fnolh; if'k{k.k dk;Øe lg ekd&fMy

fcgkj राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए 8वें प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मॉक–ड्रिल का आयोजन बिपार्ड भवन वालमी में किया गया। बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बिहार प्रशासन की रीढ़ की हड्डी होते हैं। आपदा जोखिम में कमी और क्षमता निर्माण पर जागरूकता का बहुत बड़ा योगदान होता है। 12 सौ प्रशासनिक अधिकारियों में अबतक एक चौथाई अधिकारियों का आपदा जोखित न्यूनीकरण प्रशिक्षण किया गया है। जिससे कि किसी भी आपदा के समय वे तत्परता से राहत और बचाव कर सकेंगे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बिहार प्रशासनिक सेवा के करीब चालीस अधिकारी आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत हुए। विभिन्न विभाग और संवर्ग से संबंधित अधिकारियों को भी प्रस्तुतियों और मामले के अध्ययन की मदद से किसी भी आपदा के दौरान कैसे प्रबंधित किया जाये इसका भी प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ कर्मियों द्वारा एक मॉक–ड्रिल भी आयोजित किया गया, जिसमें आपदा के समय बचाव के रोमांचक प्रयास और अनुभवों से लोग रू–ब–रू हुए। इस दौरान एनडीआरफ के जवानों ने प्राथमिक चिकित्सा और केमिकल हेजार्ड की स्थिति में बचाव और राहत पर मॉक ड्रिल कर विस्तृत प्रकाश डाला

gfjgj {k= lkuij eyk 2016



fcgkj के सारण जिले में गंडक नदी के तट पर स्थित एक छोटा सा शहर है। यहाँ विश्व प्रसिद्ध एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला लगता है जो कि कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होता है। इस हरिहर क्षेत्र मेले में सम्पूर्ण एशिया से प्रर्यटक आते हैं। इसका इतिहास पूर्वकाल से है जब मौर्यवंश के संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य (340–297 ठब्) यहाँ से हाथी और घोड़े खरीदा करते थे। किवंदंतियों के मुताबिक चन्द्रगुप्त मौर्या ने सोनपुर मेले से एक साथ 500 हाथी खरीदकर सेल्यूकस को भेंट किए थे। कहा जाता है कि आखिरी मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर ने भी एक सफेद हाथी इसी मेले से खरीदा था।

सोनपुर मेला 2016 में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक स्टॉल लगाया था जिसका मुख्या उद्देश्य विभिन्न आपदाओं के बारे में जन–जागरूकता फैलाना था। बिहार राज्य विभिन्न संस्कृतियों का, अनेक जातियों का, अनेक धर्मों का, एवं अनेक वर्गो का समावेश है। यहाँ कई आपदाएं भी आती हैं जिनका विभिन्न वर्ग, जाती, एवं धर्म के लोगों पर अलग–अलग प्रभाव पड़ता है क्यूंकि उनके जीवन–यापन का जरिया अलग–अलग है। सोनपुर मेले में प्राधिकरण के प्रदर्शित स्टॉल में विभिन्न वर्ग, जाती एवं धर्म के लोग बिहार के विभिन्न जिले से आते हैं। अतः प्राधिकरण ने अपने सहभागियों सहित लोगों को आपदाओं (बाढ़, भगदड़, आग, भूकंप, सड़क सरुक्षा आदि) के बारे में जागरूक करने के विचार से सोनपुर मेला 2016 में स्टॉल लगाया।

चूंकि आपदा कभी बताकर नही आती और जब आती है तो जानमाल की हानि के साथ–साथ जानवरों एवं मवेशियों को भी हानि होती है। बिहार के गाँव में किसान बसते हैं जिनकी जीविका खेती पर निर्भर होती है। अतः उनके लिए मवेशियों का एवं जानवरों का नुकसान उनके और उनके पूरे परिवार के लिए कष्टदाई हो सकता है क्यूंकि उनके जीवन–यापन का एकमात्र जरिया छीन जाता है। अगर किसी परिवार के एकमात्र कमाऊ व्यक्ति का निधन आपदाओं ंमें होता है तो उस परिवार की जिन्दगी ही उथल–पुथल हो जाती है। इसीलिए लोगों का जागरूकता होना आवश्यक है कि किस आपदा से पूर्व, आपदा के समय एवं आपदा के पश्च. ाात में क्या करें और क्या न करें जिससे कि जानमाल एवं जानवरों के जीवन को कम से कम हानि हो और उनका जीवन सुखमय रहे।

यह प्रलेखन सोनपुर मेला 2016 में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा लगाये गए प्रदर्शनी पर मेरे reflections पर आधारित है। इसको लिखने का उद्देश्य यह बताना है कि सोनपुर मेला 2016 में प्रदर्शनी लगने का प्राधिकरण का अहम् उद्देश्य यह बताना है कि सोनपुर मेला 2016 में प्रदर्शनी लगने का प्राधिकरण का अहम् उद्देश्य क्या था और प्राधिकरण अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल रहा या नहीं। प्राधिकरण के इस कार्य को करने में कितने सहभागियों ने भाग लिया और सहायक रहें, और प्राधिकरण ने किस प्रकार अपने उद्देश्य को पूरा किया।

बिहार की धरती ज्ञान, संस्कृति एवं आध्यात्म का मिश्रण है। यहाँ कई पर्व बड़े धूमधाम से मनाये जाते हैं जैसे कि छठ पूजा । ऐसा ही एक त्यौहार है 'हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला'। यह बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इसकी पहचान सोनपुर पशु मेले के रूप में भी की जाती है क्यूंकि यहाँ मवेशियों एवं अन्य पशुओं की खरीद–बिक्री होती है। यह सम्पूर्ण एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला है।

सोनपुर सारण जिले में स्थित है। सोनपुर मेला प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को नवम्बर के महीने में मनाया जाता है। यह मेला 15 दिन से एक महीने तक लगता है। इस त्यौहार का इतिहास भी अद्भुत है। पूर्व में यह ंमेला हाजीपूर में लगता था और पूजा सोनपुर के हरिहर नाथ मंदिर में होती थी । मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में मेला का स्थान भी सोनपुर कर दिया गया।

यह माना जाता है कि हरिहर नाथ मंदिर का निर्माण भगवान श्री राम ने सीता माता का हाथ महाराज जनक से मांगने जाते वक्त रास्ते में किया था तत्पश्चात राजा मान सिंह ने मंदिर की मरम्मत कराई। आज स्थित हरिहर मंदिर का निर्माण मुगल राज्य के प्रतिष्ठित व्यक्ति राजा राम नारायण ने करवाया था।

सोनपुर गंगा एवं गंडक जैसी पवित्र नदियों के संगम पर स्थित है। यही कारण है कि हिन्दुओं के लिए यह एक पवित्र स्थान है। लोगों का सोनपुर मेला में आने का उद्देश्य केवल मेला घूमना ही नहीं होता अपितु नदी में एक डूबकी लगाकर हरिहर नाथ मंदिर में श्रद्धा से पूजा अर्चना करना भी होता है।

इस वर्ष सोनपुर मेले का औपचारिक उदघाटन दो दिन पहले 12 नवंबर, 2016 को ही पर्यटन मंत्री द्वारा हो चुका है लेकिन कार्तिक पूर्णिमा के दिन से ही यहां मेला देखने वालों का रेला उमड़ता है। देश–विदेश से कई सैलानियों की भीड़ हाजीपुर के हरिहर क्षेत्र एवं सोनपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उमड़ी थी। हरिहर नाथ मंदिर में भक्तों ने गंगा. जल अर्पित करके मेले का शुभारम्भ किया। कहा जाता है कि इस मेले में सूई से लेकर हाथी तक मिलता है। इसकी मुख्य पहचान एक बड़े पशु मेले के रूप में रही है।

इस हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में कालांतर में बदलाव देखा जा रहा है। अब इस मेले में पशुओं के अलावा दुकानों और खेल–तमाशे के कार्यक्रमों की भी भरमार हो गई है। इस मेले में ग्रामीण जीवन के सुख–दुख मे नजर आ रही हैं साथ ही आधुनिकता के रंग भी दिख रहे हैं। विदेशियों के लिए यह मेला विशेष आकर्षण केंद्र बना हुआा है। सरकारी एवं गैर– सरकारी स्टॉल जन जागरूकता के कार्य के लिए लगाये गए हैं।

Ikuij eyk in'kuh e foHkUu
Stake holder dh Hkkxhnkjh

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) का सोनुपर मेला 2016 के प्रदर्शनी में एकमात्र लक्ष्य जन को विभिन्न आपदाओं के बारे में जागरूक करना था। यह समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए था ताकि वह आपदाओं के वक्त जानमाल की सुरक्षा में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले। प्राधिकरण ने यह प्रदर्शनी अपने विभिन्न सहभागियों (सिविल डिफेन्स, अग्निशमन सेवा, गृहरक्षा वाहिनी, निर्माण कला मंच, SDRF, NDRF, OXFAM, BIAG) सहित लगाया था।

flfoy fMQsUl

सिविल डिफेन्स ने सोनपुर मेला 2016 के बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्टॉल में बाढ़ से बचाव पर आधारित उपकरणों का प्रदर्शन किया। सिविल डिफेन्स के प्रदर्शन में उसके इतिहास पर एवं विभिन्न तरह कि आपदाओं से कैसे बचा जाए पर फ्लेक्स भी शामिल थे। उन्होंने आपदाओं से बचाओ हेतु क्या करें और क्या न करें पर पर्चे भी बाटें।

सिविल डिफेन्स ने मेला में कई स्थानों पर जनसभाओं में और घाटों पर (कालीघाट और पुलघाट) नुक्कड़ नाटक के द्वारा जन जागरूकता फैलाने का काम किया। लोगों को 'डुग–डुगी' बजाकर इकट्ठ किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम

से विभिन्न प्रकार के फाँस (फंदों) के बारे में बताया जो बाढ़ के वक्त बचाव करने के उपयोग में आते हैं। नुक्कड़ नाटक के द्वारा सिविल डिफेन्स ने विभिन्न जीवन सुरक्षा तकनीकों के बारे में भी बताया जैसे कि ब्व् एवं ंजो भी उपलब्ध साधन हैं जैसे की बाँस, कम्बल, बेडशीट, दुपट्टा, इत्यादि से स्ट्रेचर बनाने और उठाने के तरीके।

jkT; vkink ekpu cy (SDRF)

SDRF ने प्राधिकरण के स्टॉल में विभिन्न आपदाओं (बाढ़,आग, भुकंप, आदि) में बचाव हेतु उपयोग कियो जाने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया। इनमे Improvised Method (Raft) items, Medical First Responder (MRF) item (जैसे कि CPR, BAG Value Mask, BP Apparatus, Oxzine, स्ट्रेचर, Face Mask इत्यादि) Collapsed Structure Search and Rescue (CSSR) items (जैसे कि Bullet Chain Saw, Rotary Rescue Saw Angle Cutter) एवं Motorize items थे, जो आपदा के दौरान एवं पश्चात बचाव के उपयोग में लाया जाता है।

fcgkj vfXu'keu lsok

अग्निशमन सेवा ने उन उपकरणों (अग्निशामक, breathing apparatus, fire entry suit, hydraulic manual separator and cutter, foam making branch, fog branch, intertenious branch, multi-purpose branch, revolving branch) का प्रदर्शन प्राधिकरण के स्टॉल में किया जो कि आग लगने पर आग बुझाने एवं लोगों को बचने हेतु उपयोग में लाये जाते हैं।

बिहार अग्निशमन सेवा कि ओर से सोनपुर मेला 2016 में जगह–जगह घुमकर नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों कर प्रदर्शन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अग्निशमन सेवा ने मेले में आये हुए आगंतुको को बताया कि आग से कैसे बचा जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय भाषा में गीत गा कर अग्निशमन के सिपाहियों ने जन जागरूकता का कार्य किया। उन्होंने मेले में आये हुए आगंतुको का बताया कि ग्राम एंव शहर में आग लगने से पूर्व क्या सावधानी बरतें जिससे आग ना लगने पाए और आग लगने पर और पश्चात क्या करें और क्या न करें जिससे कि कम से कम जानमाल की हानि हो।

उन्होंने आग से बचाव हेतु क्या करें और क्या न करें स्टॉल में एवं जहाँ–जहाँ नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किया वहाँ पर्चे भी बाटें।

fuekZ.k dyk eap

निर्माण कला मंच ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सोनपुर मेला 2016 के स्टॉल पर एवं मेले में जगह–जगह घुमकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि सड़क सुरक्षा, आग, बाढ, भगदड़ एवं अन्य आपदाओं को कैसे होने से रोके

और अगर आपदाएं घटित हो जाए तो क्या करें और क्या न करें।

OXFAM

OXFAM ने प्राधिकरण के सोनपुर मेला 2016 के प्रदर्शनी में बाढ़ के समय सामुदायिक शौचालय, ऊँचा चापाकल एवं कैंप में सुरक्षित पानी की व्यवस्था कैसे करें कि उवकमसे प्रदर्शित किए। उनका अभिप्राय लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानक. ारी देना था जिससे आपदा के वक्त स्वच्छता बनी रहे और कम से कम लोग बीमार हो। उन्होंने स्वच्छता से सम्बंधित पर्चा भी बांटा।

jk"Vªh; lqj{kk ekspu cy

राष्ट्रीय सुरक्षा मोचन बल की 09वीं वाहिनी ने प्राधिकरण के सोनपूर मेला 2016 के स्टॉल में दिनांक 03 दिसम्बर से दिनांक 13 दिसम्बर तक प्राथमिक उपचार एवं MFR के उपकरणों का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय सुरक्षा मोचन बल ने प्राथमिक उपचार से सम्बंधित सभी उपकरण जैसे cervical collar, keep triage ribbon, BBM, oxygen cylinder, मलहम पट्टी इत्यादि के बारे में लोगों को अवगत कराया एवं ब्च्त् की भी जानक. ारी दी। उन्होंने सर्पदंश के बारे में भी लोागों को बताया कि विशैले सांप के कांटने पर क्या करें एवं क्या ना करें। राष्ट्रीय सुरक्षा मोचन बल ने सर्पदंश एवं अन्य आपदाओं पर लेक्स भी प्रदर्शित किया।

CRS

CRS ने प्राधिकरण के स्टॉल में कृषि उत्पादों एवं खेती पर सूचना उपलब्ध कराया। उन्होंने मेले में आये हुए आगंतुकों का एक नए ंचच के बारे में बताया जो फसलों की खेती की जानकारी देता है कि कितने मात्र में किस फसल्में कौन सी खाद का उपयोग करना चाहिए, कितना सिंचाई करना चाहिए, इत्यादि।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सोनपुर मेला 2016 के स्टॉल में जगह–जगह से लोग आये थे । देश–विदेश से कई सैलानीयों ने प्राधिकरण के परिशर में आकर आपदा सम्बंधित जानकारी हासिल की। कुछ आगतुक बहुत उत्सुकता से उपकरणों के बारे में जानकारी ले रहे थे। सिविल डिफेन्स, बिहार अग्निशमन सेवा, राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल स्टॉल में लोगों को आपदा सम्बंधित उपकरणों की जानकारी दे रहे थे कि कौर सा उपकरण किय आपदा में कैसे उपयोग में लाया जाता है। पुरे एक महीने के समयकाल में प्राधिकरण के स्टॉल पर footfall लगभग 15000 तक रहा है।

इस प्रदर्शनी में आये हुए लोग SDRF द्वारा प्रदर्शित किये हुए raft items से ज्यादा प्रभावित हुए। जो लोग दियारा क्षेत्र से आये थे उन्होंने तंजि के बारे में बढ़–चढ़कर जानकारी ली। उन्होंने सिखा कि तंजि कैसे बनाते हैं, और इसका इस्तेमाल कैसे करते हैं। क्मउव देकर लोगों को बाढ़ आने पर कैसे बचें यह भी बताया गया। CPR के बारे में भी लोगों ने उत्सुकता से जानकारी हासिल की जैसे कि ब्च्

क्यों दिया जाता है, किस स्थिति में दिया जाता है, कैसे दिया जाता है और CPR देने का तरीक क्या है। प्रदर्शनी में CSSR के उपकरणों की भी जानकारी दी गयी कि भूंकंप के पश्चात मलबे में दबे हुए लोगों को अथवा ध्वस्त माकन में फंसे हुए लोगों को कैसे इन उपकरणों की मदद से दीवार एवं पत्थरों को काटकर बाहर निकला जाता है।

NDRF ने मेले में आये आगंतुकों को प्राथमिक उपचार से सम्बंधित सभी पहलुओं पर लोगों को जानकारी दी एवं उसके उपयोग के बारे में अवगत कराया। उनके प्रथम उपचार प्रदर्शनी एवं जागरूकता अभियान में शहरी क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग तथा विद्यार्थियो को हृदय गति रूकने की अवस्था में पुनः जीवित करना (CPR) की जानकारी दी गयी। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी CPR की जानकारी दी गयी एवं सर्पदंश के बारे में भी बताया गया।

बिहार अग्निशाम सेवा द्वारा प्रदर्शित उपकरणों में लोगों के उत्सुकता का केंद्र बिंदु foam making branch 9x, fog branch, intertenious branch, multipurpose branch एवं revolving branch रहा। कौन सा branch कब कहाँ उपयोग में लाया जाता है इसकी जानकारी दी गयी। अग्निशामक यंत्र के बारे में भी लोगों ने बढ़–चढ़कर जानकारी हासिल की । मेले में कई स्थानों पर अग्निशाम द्वारा किये गए नुक्कड़ नाटक को लोगों ने बहुत चाव से देखा एवं सराहा। उन्होंने अग्नि सुरक्षा से सम्बंधित कई सवाल भी पूछे और जानकारी प्राप्त की। सिविल डिफेन्स द्वारा मेले में विभिन्न स्थानों पर किये गये उवबा drill भी काफी उत्साहवर्धक रहे एवंज न–जागरूकताा फैलाने में सफल रहें।

प्राधिकरण द्वारा आपदा को लेकर जन–जागरूकता के किये गये कार्यक्रम का प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गो पर साफ देखा जा रहा था। जहानबाद से आये एक बूढ़े व्यक्ति जिनका व्यवसाय खेती है उन्हें traditional knowledge के माध्यम से अनेक प्रकार के knots की जानकारी थी जो कि बाढ़ के समय लोगों को बचने हेतु उपयोग किया जाता है। उन्होंने उत्सुकता से और ादवजे जिनकी जानकारी उन्हें नहीं थी उसके बारे में सीख।

Feedback

मेले में आये हुए आगंतुकों को सबसे ज्यादा पंसद आये बाढ़ के समय लोगों को ढूँढने एवं बचाने हेतु उपयोग में लाये जाने वाले improvised methods जिनको बनाने के लिए बाँस, उपयोग करके फेंके जाने वाले खाली कोल्डड्रिंक के bottles, thermocol, और tin cans को इस्तेमाल में लाया जाता है। ज्यादातर आगंतुक आस–पास के जिले जैसे कि सारण, वैशाली, मुज्जफरपुर, बेगुसरास, मधुबनी, समस्तीपुर, जहानाबाद, आदि से आये थे। भूकंप सुरक्षा के उपकरण भी लोगों को बहुत पसंद आये।

कुमारी कुमुद राज यादव (psychologist) ने प्राधिकरण की प्रदर्शनी के बारे में अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि उन्हें SDRF द्वारा first aid, एवं CPR पर दी गयी जानकारी बहुत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी लगी। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसा

जन–जागरूकता का कार्य बडे पैमाने पर विभिन्न प्रकार के communication means द्वारा advertise करने की जरूरत है।

मुज्जफरपुर से आये हुए संजय कुमार, जों कि एक व्यापारी हैं, उन्होंने बिल्डिंग बनाने के इलसूं एवं प्रशान द्वारा इनके कड़े enforcement के बारे में concern जाहिर किया। पटना जिले से आये हुए एक आगंतुक ने अग्निशमक यन्त्र के उपयोग पर विभिन्न कार्यालयों में demonstration करने का सुझाव दिया। सारण जिले से आये हुए एक व्यक्ति नने CRS द्वारा लगाये हुए प्रदर्शनी को सराहा।

बच्चों ने भूकंप के समय क्या करें और क्या ना करें एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के IEC सामग्री में बहुत दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर BIAG द्वारा बनाये गए पोस्टर में भी रूचि दिखाई एवं स्टॉल में प्रदर्शित उपकरणों के बारे में बढ़–चढ़कर जानकारी प्राप्त की।

डॉ बी.के. गुप्ता (RBTSH मेडिकल कॉलेज, मुज्जफरपुर में community medicine ds Head of Department) अपने कुछ colleagues और 22 मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ प्राधिकरण के स्टॉल में घुमने आये थे। उन्होंने first aid के उपकरणों के

प्रदर्शन को काफी सराहा। हाजीपुर के धर्मेन्द्र कुमार ने सुझाव दिया कि आपदा की तैयारियों पर ऐसी प्रदर्शनी विद्यालय में भी लगानी चाहिए।

जलवायु परिवर्तन के बारे में भी कुछ आगंतुको ने अपने अनुभव बतायें एवं सुझाव दिए। बहुत सारे लोगों ने कहा कि ग्रीष्म एवं शीत ऋतु में तापमान में वृद्धि एवं बदलाव बहुत देखने के लिए मिलता है। कुछ लोगों ने वायु प्रदुषण एवं जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़ और सूखे की आवृति (frequency) के बारे में भी बाटें की । कृषि समुदाय वर्षो के बिगड़े हुए रूप को लेकर चिंतित थी क्यूंकि इसकी वजह से उनकी कृषि पर बुरा असर पड़ता है। मियाबाग गाँव से आये हुए ओमप्रकाश ने पक्षियों की मात्रा में कमी होने को लेकर चिंता जताई।

CRS की ओर से ग्रामीण विकास सेवा, सीतामढ़ी भी कृषि समुदाय पसंद किया गया । CRS बीजों improved varieties के बारे में बता रहे थे जो कि बाढ़ एवं सूखे के समय sustainable हों। उन्होंने विभिन्न प्रकार के बीजों एवं उनके बुआई के पूर्व क्या करें पर पर्चे भी बाटें।

4–6 साल के बच्च्ें सोनपुर मेले में प्राधिकरण के स्टॉल पर अपने माता–पिता/चाचा–चाची के साथ आये थे उन्हें SDRF एवं सिविल डिफेन्स द्वारा प्रदर्शित बाढ़ में डूबने से बचाने वाले उपकरणों की जानकारी थी उन्हें यह जानकारी एक cartoon serial 'Roll No. 21' से हुई थी जिसे वो योजना रोजाना देखते थे।

उम्र के अनुसार आगंतुकों के प्राधिकरण के स्टॉल में प्रदर्शनी को लेकर सुझाव एवं विचार भिन्न थें। 16–24 साल के आगंतुक प्रदर्शित उपकरणों को देखने एवं उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक दिखे कि कौन सा उपकरण किया और कैसे काम करता है। उन्होंने विभिन्न आपदा आने से पूर्व, आने पर एवं पश्चाात क्या करें और न करें लगे सिमग को सराहा एवं उनकी तस्वीरें भी ली। 10–15 साल के आगंतुक उपकरणों के बारे में सीखने और OXFAM द्वारा प्रदर्शित models के बारे में जानने के लिए उत्सुकता जाहिर कर रहे थे। उन्होंने उपकरणों के उपयोग के बारे में, किस आपदा में क्या करना चाहिए और कैसे ज्यादा नुक्सान होने से रोकें आदि कई सवाल पूछे। वही 28 साल एवं उससे ज्यादा उम्र के आगंतुक उपकरणों में रूचि दिखाते, इधर–उधर प्रदर्शित सिमग को देखते, बहुत कम लोग प्रश्न पूछते, कुछ लोगों को पहले से जानकारी भी रहती जो अपने परिवार वाले को उन उपकरणों एवं models के बारे में बताते हैं।

अखबारों में प्रकाशित खबरें।

बारिश के कहर से तैरता दिखा बिहार
गाँव छोड़ने को लोग हुए मजबूर

आपदा नहीं हो भारी, यदि पूरी हो तैयारी

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार

द्वितीय तल, पंत भवन, पटना–1

en.k % 500 ifr;k